हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 5 नवंबर 2025

06 300 वाहनों से पहुंचे राला कृषि उपज मंडी प्रांगण...



09 आउटसोर्स में उलझा वेयरहाउस जिला प्रबंधक...





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 7 को

**सीहोर।** सीहोर कलेक्ट्रेट के जिला पंचायत सभाकक्ष में 7 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला बाल विकास विभाग, विद्युत मंडल विभाग सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी।

### एक दिसंबर से की जाएगी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

**सीहोर।** सोशल मीडिया पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान/गेहूं खरीदी नहीं किए जाने संबंधी प्रसारित हो रहे समाचार के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी एसओपी क्रमांक एफएससी/43/4/0003 /2025/29-1/2437 भोपाल, दिनांक 30/अक्टूबर/2025 के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाना है! जिसकी तैयारी उपार्जन एजेंसी द्वारा की जा रही हैं। पत्र अनुसार 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक समर्थन मूल्य पर मोटा धान की खरीदी के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान नहीं खरीदी के संबंध मे कोई भी निर्देश प्राप्त नहीं हुए है।

### 60 की निशुल्क जांच 40 का मोतियाबिंद ऑपरेशन

**सीहोर।** लायंस क्लब सीहोर, सिद्धपुर एवं सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को इंग्लिशपुरा स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर निशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 60 लोगों ने नेत्र जांच का लाभ लिया। इनमें से 40 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका निशुल्क ऑपरेशन एयरपोर्ट रोड स्थित नवीन सेवा सदन अस्पताल में किया जाएगा। ऑपरेशन निशुल्क रहेगा व मरीजों को लाने-लेजाने की व्यवस्था भी संस्था द्वारा की जाएगी।

### जहरीली कफ सिरप से प्रदेश में दो दर्जन से ज्यादा मौतें, फिर भी जिले में जांच की कछुआ चाल

# जांच की खानापूर्ति: जिले में 600 मेडिकल, 7 दिन में महज 25 मेडिकल दुकानों की ही जांच

जिले में कुल 600 मेडिकल की दुकानें हैं। इधर छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मौत के बाद ड्रग विभाग की टीम ने जिले में मेडिकल दुकानों की जांच की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मऊगंज में एक और मासूम की मौत के बाद आमजनों में भय है, बावजूद जिले का ड्रग प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जिले में कुल 600 मेडिकल दुकानें हैं, लेकिन उनकी जांच की रफ्तार देखकर लगता है कि प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

बता दें जिले में कुल 600 मेडिकल की दुकानें हैं। इधर छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मौत के बाद ड्रग विभाग की टीम ने जिले में मेडिकल दुकानों की जांच की शुरुआत की, लेकिन हैरत की बात यह है कि 7 दिन में महज 25 मेडिकल दुकानों की ही जांच हो सकी, जिनमें सीहोर में 15, आष्टा में 10 दुकानों की



जांच की गई। अगर 7 दिन में केवल 25 दुकानों की जांच हो रही है तो सभी 600 दुकानों को कवर करने में 6 महीने से ज्यादा का समय लग जाएगा।

### 3 नवंबर को तीन मेडिकलों की जांच

ड्रग अमले ने जिला मुख्यालय पर दूसरी बार 3 नवंबर को जांच पड़ताल की।

हालांकि इस दौरान महज तीन दुकानों की जांच पड़ताल हो सकी, जिनमें साई मेडिकल, हिन्द मेडिकल और मोदी मेडिकल की जांच की गई।

इस तरह की धीमी और सीमित जांच से यह स्पष्ट है कि विभाग केवल औपचारिकता पूरी कर रहा है, जबकि छिंदवाड़ा की घटना के बाद से जिले में भी माता-पिता अपने बच्चों को दवा पिलाने से पहले डर रहे हैं।

#### जांच के बिंदु

ड्रग इंस्पेक्टर किरण मग्रे के नेतृत्व में सात दिनों में जिला मुख्यालय पर 15 दुकानों की जांच की गई, जिनमें सूर्या मेडिकल, सीहोर केमिस्ट, न्यू सीहोर केमिस्ट, ताहिर मेडिकल, विनायक मेडिकल, सीहोर फार्मेसी, भाग्य लक्ष्मी मेडिकल, फार्मा मेडिकल, साई मेडिकल, हिन्द मेडिकल और मोदी मेडिकल शामिल हैं। जांच के दौरान दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड का सत्यापन। एक्सपायर्ड दवाओं का सही रख-रखाव। प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय की जांच आदि शामिल हैं।

#### निरंतर जारी रहेगा सिलसिला

मेडिकल दुकानों की जांच का सिलसिला लगातार चलता रहेगा। अब तक सीहोर में 15 व आष्टा में 10 मेडिकल दुकानों की जांच की गई है। जांच के दौरान मेडिकल दुकान संचालकों को गाइडलाइन के अनुरूप दुकानों के संचालन की बात कही जा रही है। जिले में करीब 600 मेडिकल दुकानें हैं।

**किरण मग्रे,** ड्रग इंस्पेक्टर सीहोर

## रंग-बिरंगी विद्युत लाइट से सजा गुरुद्वारा



**सीहोर।** सीहोर | श्री गुरु नानक देव की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब को रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से सजाया गया है। सोमवार से यहां श्री अखंड पाठ साहब सुबह 10 बजे शुरू हुआ। पाठ साहब का समापन 5 नवंबर को सुबह 10 बजे होगा। उसी दिन दोपहर तीन बजे तक कीर्तन दरबार सजेगा। गुरु का लंगर दोपहर 12 बजे से शुरू होगा और दोपहर 3 बजे तक चलेगा। शाम को नगर कीर्तन का चल समारोह 6 बजे से शुरू होगा, जिसका समापन रात 10 बजे होगा। नगर कीर्तन नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जगदीश मंदिर चौराहा, गाड़ी अड्डा रोड, कोतवाली चौराहा, बड़ा बाजार, नमक चौराहा से होते हुए गुरुद्वारा पहुंचेगा।

### जनसुनवाई में 35 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 35 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 'शिवराज सिंह चौहान' की 24 घंटे की डेडलाइन का असर, नाबालिग अपहरण का मुख्य आरोपी पीथमपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हस्तक्षेप भैरूंदा तहसील के भादाकुई गांव से नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में निर्णायक साबित हुआ है। रविवार को उनके द्वारा डीजीपी से सीधे चर्चा करने के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और अपहृत बालिका को दस्तयाब किया है।

बता दें यह मामला तब सुर्खियों में आया जब घटना के 11 दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। इसके विरोध में यदुवंशी समाज ने भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारी आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे।

देर शाम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीधे डीजीपी से बात की और पुलिस को तत्काल कार्रवाई के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी। इस आश्वासन के बाद ही प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त किया था।

### मुख्य आरोपी सहित 4 गिरफ्तार

एसडीओपी भैरूंदा रोशन कुमार जैन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। पुलिस टीम ने रविवार देर रात मुख्य आरोपी उमाशंकर मेहरा निवासी भादाकुई को पीथमपुर से गिरफ्तार किया और नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजन को सौंप दिया।

### बयान के बाद बढ़ाई धाराएं

पुलिस ने बताया कि बालिका के बयानों के आधार पर आरोपी उमाशंकर मेहरा सहित सह आरोपी विजेश मेहरा, कांता बाई मेहरा और गायत्री मेहरा को भी गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध अब धारा 376(2) (एम), 49 बीएनएसए 5/6 एवं 16/17 पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में इजाफा किया गया है। सभी चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## भावांतर के तहत फसल खरीदी प्रक्रिया में रखी जाए पारदर्शिता: सचिव निशांत वरवड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सचिव निशांत वरवड़े ने सीहोर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने भावांतर भुगतान योजना के संचालन की स्थिति देखी और मंडी में चल रही खरीदी, तुलाई एवं भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नीलामी शेड, तुलाई प्रक्रिया, भुगतान पंजीयन और खरीदी की व्यवस्थाओं को देखा तथा मंडी सचिव को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए और किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके साथ ही तुलाई तथा भुगतान की प्रक्रिया समय सीमा में पूरी की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में मंडियों में खरीदी प्रक्रिया और भावांतर योजना के तहत चल रही कार्यवाही के बारे में



विस्तार से जानकारी दी। सचिव श्री वरवड़े ने मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि मंडी का मुख्य उद्देश्य किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। उन्होंने नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और बोली के दौरान एक रुपये की बोली न लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह कहा कि मंडी अधिकारी और व्यापारी यह प्रयास करें कि नीलामी के दौरान बोली अधिक से अधिक रहे, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिले।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मॉइश्चर मशीन और ग्रेड सेपरेटर जैसी मशीनों के उपयोग की जानकारी ली और कहा कि इनका सही प्रयोग कर उपज का सटीक वर्गीकरण किया जाए, जिससे किसानों को उनकी फसल की गुणवत्ता के अनुसार मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने मंडी प्रशासन को प्रतिदिन की गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने और समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

सचिव श्री वरवड़े ने किसानों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में किसानों को भोजन की उचित व्यवस्था मिले और निर्धारित दर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी प्रबंधन किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर रखे और योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड की संयुक्त संचालक सविता झानिया, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, कृषि उपसंचालक अशोक कुमार उपाध्याय, तहसीलदार डॉ. अमित सिंह और मंडी सचिव नरेंद्र कुमार माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप संचालक को सजा



**सीहोर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायाधीश शिवानी श्रीवास्तव ने एक महत्वपूर्ण फैसले में पेट्रोल पंप संचालक आदित्य शर्मा को लापरवाही के लिए एक वर्ष का सश्रम कारावास और 2000 के अर्थदण्ड से दंडित किया है। न्यायालय ने आरोपी आदित्य शर्मा निवासी अरेरा कॉलोनी हबीबगंज भोपाल को धारा 304.ए भारतीय दण्ड संहिता के तहत दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रानी जैन ने बताया कि यह मामला जताखेड़ा एचपी पेट्रोल पंप से संबंधित है। घटना के संक्षिप्त विवरण के अनुसार मृतक सचिन वर्मा पेट्रोल पंप पर कार्य कर रहे थे, जब वे बिजली के संपर्क में आने के बाद बेहोश हो गए थे। उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय सीहोर ले जाया गया, जहां प्राथमिक मेडिकल परीक्षण में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।पीएम रिपोर्ट की क्यूरी पर डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण करंट लगने पर पानी में गिरने से डूबना बताया गया. विवेचना के दौरान पेट्रोल पंप संचालक आदित्य शर्मा के विरुद्ध थाना मंडी में अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत यह पाया गया कि संचालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई, जिससे सचिन वर्मा की मौत हो गई। अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को धारा 304.ए के तहत दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी रानी जैन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

### प्रभावित इलाकों में घर-घर सर्वे चलाया जा रहा है

# डेंगू, मलेरिया का कहर जारी, 6 नए मरीज मिले




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप एक बार फिर चिंता का कारण बन गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार जिले में चार नए डेंगू और दो मलेरिया के मरीज सामने आए हैं। इन नए मामलों ने प्रशासन के साथ-साथ आमजनों की भी चिंता बढ़ा दी है।

नए डेंगू मरीजों में दो आष्ठा से और दो बुदनी क्षेत्र से मिले हैं, जबकि मलेरिया के मरीजों में एक श्यामपुर और एक बुदनी क्षेत्र का है। नए केस सामने आने के बाद मलेरिया यूनिट की टीमें तत्काल सक्रिय हो गई हैं। प्रभावित इलाकों में घर-घर सर्वे चलाया जा रहा है, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। मच्छरों को नष्ट करने के लिए फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया जा रहा है, ताकि संक्रमण को फैलने से पहले ही रोका जा सके।

### बढ़ते जा रहे आंकड़े

इन नए मामलों के साथ जिले में अब तक डेंगू के कुल 21, मलेरिया के 8 और चिकनगुनिया के 7 मरीज दर्ज किए जा चुके हैं। नए मामले आने के बाद विभाग सभी प्रभावित क्षेत्रों में नजर बनाए हुए हैं।

### तापमान बना खतरा

बारिश का मौसम बीत चुका है फिर भी तापमान में कमी न आने के कारण डेंगू और मलेरिया का खतरा बना हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक दिन का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के करीब नहीं आता, तब तक मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप पूरी तरह समाप्त नहीं होता। वर्तमान में दिन का तापमान 25 डिग्री से ऊपर और रात का 20-23 डिग्री के बीच है, जो मच्छरों के लिए अनुकूल है। जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे ने बताया कि डेंगू के चार और मलेरिया के दो नए मरीज मिले हैं। उनकी टीमें लगातार सर्वे कर रही हैं और कोई बीमार व्यक्ति मिलने पर उसे तत्काल अस्पताल भेजा जा रहा है। साथ ही लोगों को बीमारी से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

#### नागरिकों के लिए एडवाइजरी

विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। तेज बुखार, कंपकंपी, उल्टी, सिरदर्द जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सालय पहुंचे। बचाव के उपायों में रात में मच्छरदानी का उपयोग, आसपास की सफाई और पानी जमा न होने देना खासकर ड्रम, टंकी या खाली प्लॉट में।

## आठ बार शिकायत, आरोपी गिरफ्तार नहीं: पुलिस पर आरोप, पीड़ित ने एसपी को दिया शिकायत पत्र

**सीहोर।** जिले के भेरूंदा क्षेत्र में पुलिस की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां एक पीड़ित ने 2019 से 2025 के बीच आठ बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। परेशान होकर पीड़ित ने जनसुनवाई में गुहार लगाई और जिला पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपी।

**कृषि भूमि विवाद बना झगड़े की वजह :** मंडी ग्राम निवासी नवीन यादव ने अपनी मां क्षमा बाई के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर बताया कि गांव का विष्णु यादव पिछले दस वर्षों से उनकी कृषि भूमि को लेकर विवाद कर रहा है। आरोपी आए दिन



गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देता है। नवीन ने बताया कि परिवार में अकेले होने की वजह से वे लगातार डर के माहौल में जी रहे हैं। इसी विवाद के चलते वर्ष 2010 में उनके पिता दयाराम यादव की मौत भी हो गई थी।

**आठ बार शिकायत, फिर भी कार्रवाई नहीं हुई :** नवीन यादव ने बताया कि उन्होंने 10 दिसंबर 2019 से लेकर 3 नवंबर 2025 तक आठ बार भेरूंदा थाने में आवेदन और एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने न तो आरोपी पर कोई कार्रवाई की और न ही गिरफ्तारी की। उल्टा, कई बार उनके खिलाफ ही कार्रवाई की गई। पीड़ित ने बताया कि 3 नवंबर को खेत से लौटते समय विष्णु यादव ने उन पर लाठी से हमला किया, जिससे सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। अब नवीन यादव ने जिला पुलिस अधीक्षक से आरोपी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

खबर संक्षेप



## मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानने के लक्षण एवं सुधार के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की अपर संचालक सीमा सिंह ठाकुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य महिला हितेषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में डीपीओ ज्ञानेश खरे, डायरेक्टर डॉ अखिलेश कुमार शुक्ला, डीएसपी पूजा शर्मा सहित पुलिस, शिक्षा, आईटीआई एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रतिनिधि शामिल हुए।

## आष्टा जनपद पंचायत कार्यालय में रोजगार मेला 11 को लगेगा

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से आष्टा जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में उपस्थित हो सकते हैं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत युवक/युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### ताप्ती धूप से बचने वाहन के नीचे बैठे, नलकूप से बॉटल में भरकर पानी पीने के लिए मजबूर किसान होते रहे परेशान

# 300 वाहनों से पहुंचे राला कृषि ऊपज मंडी प्रांगण मिट्टी में फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉली जेसीबी मशीन से निकाले

### कृषि ऊपज मण्डी में सोयाबीन चना, गेहूं तो नवीन प्रांगण राला में मक्का की नीलामी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की कृषि ऊपज मण्डी में मक्का सोयाबीन, अन्य फसलों की आवक के साथ किसानों की मुश्किल भी बढ़ गई। सोमवार से कृषि ऊपज मण्डी समिति ने किसानों को सूचना दी और नवीन कृषि ऊपज मण्डी प्रांगण में मक्का की ऊपज ले जाने का आदेश जारी किया गया। साथ ही सोयाबीन , गेहूं चना मूंग सहित अन्य ऊपज नगर की कृषि ऊपज मण्डी में नीलामी की जाएगी।

मंगलवार को सुबह से ही 300 के करीब मक्का किसानों ने अपनी ऊपज नवीन कृषि ऊपज मण्डी प्रांगण राला के पारदीपुरा में लेकर पहुंचे। प्रांगण में डाली गई मिट्टी बारिश के दौरान गीली मिट्टी में कई किसानों के ट्रैक्टर ट्राली वाहन फंस गए। उन सभी वाहनों को जेसीबी मशीन से धक्का देकर निकला गया। जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तो वहीं खुले आसमान के नीचे तप्ती धूप में तपते रहे। धूप से बचने किसान अपने वाहन के नीचे बैठे हुए दिखाई दिए। पीने के पानी को लेकर भी किसान परेशान होते रहे। नलकूप बोरिंग से बॉटल में भरकर पानी पी रहे थे। साथ ही अन्य सुविधाएं भी नहीं मिली। जिससे किसान को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### नवीन कृषि ऊपज मंडी का निर्माण कार्य धीमा

नवीन कृषि ऊपज मण्डी राला के पारदीपुरा में लम्बे समय से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिससे किसानों को काफी मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। खुले आसमान के नीचे रात गुजरने से लेकर दिन में तपती धूप में तपकर अपनी ऊपज को बेचने तक कई परेशानी झेल रहे हैं। न शौचालय की सुविधाएं हैं न ही पानी की। न ही विश्राम करने की व्यवस्थाएं हैं।



**भैरुंदा।** नवीन कृषि ऊपज मण्डी प्रांगण में किसान की ट्रॉली फंसी जिसे जेसीबी मशीन से धक्का लगाते हुए



**भैरुंदा।** मक्का किसान पहुंचे 300 वाहन लेकर नवीन प्रांगण राला के पारदीपुरा



**भैरुंदा।** मंडी के टीन शेड में व्यापारी की ऊपज सूखते हुए।




### व्यापारियों की उपज टीन शेड में किसान की खुले आसमान के नीचे डाल दी

एक और जहां नगर की कृषि ऊपज मण्डी ऊपज की अवाक अधिक होने से मक्का किसानों को नवीन कृषि ऊपज मण्डी प्रांगण पारदीपूरा में नीलामी शुरू कर दी है। तो वहीं उसरी और मंडी में किसानों से व्यापारियों के द्वारा खरीदी गई मक्का ऊपज टीन शेड में सुखाई जा रही है। इधर किसान पानी ऊपज लेकर खोले आसमान के नीचे रात गुजरने को मजबूर हैं। आसमान में बारिश के बादल भी छाएं और वारिश होने की संभावना भी जताई जा रही है। अगर बारिश हुई तो किसान ऊपज खराब हो सकती है। बारिश से प्रांगण में डाली गई मिट्टी से कीचड़ में तब्दील हो जाएंगी और उनके वाहन भी प्रांगण से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

## समय-समय पर मोर भी अपने पंख छोड़ते हैं, उन्हीं पंखों का पिच्छी में उपयोग किया जाता है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



चातुर्मास पूरे इसलिए होते हैं कि संयम का पालन हो। एक उद्देश्य और दूसरा उद्देश्य कि संयमी मुनिराजों के सानिध्य में श्रावक भी संयम की ओर अग्रसर हों। स्वयं भी संयम का पालन करते हैं, इस चातुर्मास में दूसरों को भी संयम के मार्ग मिलते हैं।

यह बात ऐलक श्री उपशम सागर महाराज ने पिच्छिका परिवर्तन समारोह में प्रवचन में कही। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास में मयूर भी अपने पंखों को छोड़ता है, इसलिए कार्तिक मास में मुनिराज भी अपनी पुरानी पिच्छी को छोड़कर नई पिच्छी ग्रहण करते हैं। मोर पंख इसको संग्रह करके रखने की परिग्रह रख करके ज्यादा जरूरत नहीं होती। एक जगह गिरा बिखरे हुआ जंगल में सहजता से मिल जाते हैं। एक गिरा हुआ मिलता है, तो साधु जो गिरे हुए पंख हैं, केवल उसका ही उपयोग करते हैं। युवा दंपतियों ने पिच्छिका प्राप्त कर लाभ अर्जित किया- समाज के ट्रस्टी प्रवक्ता विमल जैन ने बताया कि कई भक्तों द्वारा नियम, संयम व्रत धारण करने हेतु संकल्पित नियमावली श्रद्धालुओं ने फार्म जमा किए। प्रयत्न किया गया उनका प्रयास भी सराहनीय है। लेकिन केवल दो ही परिवार को यह अवसर मिलना था। मुनिश्री अक्षय सागर ऐलक श्री उपशम सागर महाराज के चातुर्मास में धर्म, ज्ञान और सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान सम्यक चारित्र, प्रेरणा से सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि सबसे महत्वपूर्ण योगदान युवा दंपतियों का है, जिन्होंने युवावस्था में नियम और संयम का पालन करते हुए पिच्छिका परिवर्तन में शामिल होकर पिच्छिका प्राप्त की और भेंट कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## कृषि के साथ दुग्ध व्यवसाय से आत्मनिर्भर बन सकते हैं किसान भाई : सोनू गुणवान



**सीहोर।** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 के अन्तर्गत जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर के तत्वाधान में प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित खामखेड़ा जत्रा तहसील आष्टा जिला सीहोर में सहकारी नेतृत्व विकास प्रशिक्षण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सोनू गुणवान जनपद अध्यक्ष आष्टा प्रतिनिधि तथा विजयसिंह ठाकुर अध्यक्ष दुग्ध संस्था खामखेड़ाजत्रा, कि अध्यक्षता में रतनसिंह ठाकुर, प्रेमनारायण वर्मा सरपंच, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर एवं लोकेन्द्र सिंह ठाकुर पर्यवेक्षक दुग्ध संघ भोपाल की उपस्थिति में माँ सरस्वति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।

सर्व प्रथम संस्था अध्यक्ष विजयसिंह ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर (सचिव) द्वारा संस्था की ओर से मुख्य अतिथि एवं विषेष अतिथियों को साफा बधांकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया । तत्पष्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनू गुणवान जनपद आष्टा अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा सम्बोधित करते हुए कहाकि हमारे देश के मुखिया नरेन्द्र मोदी और उनके साथी अमित शाह जो हमारे देश के पहले सहकारिता मंत्री है। उनकी सोच है कि देष में विकास की गंगा जो सहकारिता के माध्यम से चलाई जा रही है। उससे सुधार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सहकारिता को प्रत्येक पंचायत स्तर पर गठन करने और पैक्स संस्थाओं को बहुउद्देशीय मॉडल बनाकर डिजीटलीकरण किया जा रहा है। वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। हमारे प्रदेश के मुखिया मोहन यादव मुख्यमंत्री द्वारा गोवंश के आहार के लिए 20 रूपये से बड़ाकर 40 रूपये प्रतिदिन के मान से भुगतान किया जा रहा है। वर्ष 2030 तक 26 हजार गांवों तक डेयरी नेटवर्क का विस्तार किया जाना है। गौ सवंर्धन, संरक्षण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। तेजसिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कहाकि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सोच है कि प्रदेश में किसानों की आय दो गुना करने हेतु और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु पशुपालन व्यवसाय में जोड़कर प्रदेश को 2028 तक केपिटल प्रदेष बनाना है। पशुपालन को गोपालन का नाम भी दिया गया है। इंग्लेण्ड के रॉकडेल कस्बे में सन् 1844 को 28 जुलाहों द्वारा दैनिक जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से एक-एक रूपये जोड़कर थोक सामान लाते और उसे आवष्यकता अनुसार वितरण करते । जिससे उनके पैसे बचने लगे और धीरे-धीरे आज यह वट वृक्ष पूरी दुनिया में फेल चुका है।

### जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं का एनक्यूएएस किया गया आंकलन




सीहोर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) दिल्ली की टीम द्वारा सीहोर जिला चिकित्सालय और ग्राम उलझावन एवं सालीखेड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर एनक्यूएएस आंकलन किया गया है। निरीक्षण के दौरान एनएचएसआरसी की टीम के सदस्यों द्वारा एनक्यूएएस प्रमाणन के लिए अस्पतालों में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्रों की मानक जांच की गई तथा सेवाओं और सुविधाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन उमेश श्रीवास्तव एवं प्रबंधक श्रीमती रीना पाटीदार सहित स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।

## 69वीं राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अंशुल मंडलोई ने जीता स्वर्ण पदक

**सीहोर।** 69 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 से 31 अक्टुबर तक इन्दौर में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर के छात्र अंशुल मण्डलोई ने वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता 71 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जीत कर राष्ट्रीय स्तर के लिये अपना स्थान सुनिश्चित किया।



इस अवसर पर बधाई देने वालों में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान, प्राचार्य आवासीय आलोक शर्मा, सहायक संचालक सलौनी शर्मा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, कोच शैलेन्द्र चौहान, जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यास, माधव यादव, अंकुर शर्मा, महेन्द्र बाथम, प्रभात मेवाड़ा आदि ने बधाई प्रेषित की है।

## नहर के अंतिम छोर के किसान के खेत तक पहुंचे पानी : कलेक्टर बालागुरु के.



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जल उपयोगिता समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में सिंचाई, पेयजल आपूर्ति और जल संरक्षण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, जल संसाधन विभाग के अभियंता और जल उपभोक्ता समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि नहर के अंतिम छोर के किसान के खेत तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल वितरण इस प्रकार किया जाए कि हर किसान के खेत तक सिंचाई का पानी समान रूप से पहुंचे और कोई क्षेत्र असिंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जल वितरण व्यवस्था पारदर्शी, नियंत्रित और समयबद्ध होनी चाहिए, ताकि किसानों को फसल उत्पादन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि जिले में पेयजल के लिए पानी का प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में किया जाए। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी, मरम्मत एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति न बने। कलेक्टर ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे खेती के लिये पानी का संतुलित उपयोग करें और जल संरक्षण के प्रयास भी करें।

### विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया

# दि ऑक्सफोर्ड स्कूल में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मनाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में 1 नवम्बर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चित्रकला एवं पेंटिंग तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता तथा अच्छे संस्कार मजबूत कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी गतिविधियाँ शिक्षकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। विद्यालय परिसर में पूरे समय हर्ष और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा सभी ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस को खुशी और गर्व के साथ मनाया।

### जिस आनंद को खोज रहे हैं, सही मायने में वह, हमारे अंदर ही है : वरुण आचार्य

**सीहोर।** म.प्र. जन अभियान परिषद् और आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय अल्प विराम कार्यशाला का शुभारंभ सभाकक्ष जनपद पंचायत सीहोर में मां सरस्वती जी पूजन से हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि वरुण आचार्य, संभाग समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद संभाग भोपाल, पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला सीहोर, नमिता बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीहोर, जन अभियान परिषद् विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, मास्टर ट्रेनर मंगलेश जायसवाल, राकेश शर्मा, बबली शर्मा सहित समस्त विभागों के 60 से अधिक अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद थे। जन अभियान परिषद् के विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने कार्यशाला में अतिथियों का परिचय करवाते हुए पुष्पमाला से स्वागत करवाया गया। अल्पविराम कार्यक्रम में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने कहा कि शासकीय कर्मचारियों में सकारात्मकता का विकास और आनंद की अनुभूति कराने की दृष्टि से ही प्रदेशभर में अल्पविराम परिचय कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। हम सब आज के दौर में जिस आनंद को खोज रहे हैं, सही मायने में वह, हमारे अंदर ही है। हम सबको यह चाहिए कि जो अच्छा लगे वह जरूर करें। अल्पविराम आनंद तक ले जाने का जरिया है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्र./8149/प्रवा-2/ विवाह पंजी/2025, राजगढ, दिनांक 30/09/2025

**विज्ञप्ति**

आवेदक श्री राजाबाबू पिता मांगीलाल जाति गुसाई (अ.पि.वर्ग) निवासी ग्राम सिराडी तहसील श्यामपुर जिला सीहोर मप्र एवं आवेदिका पायल अहिरवार पिता पन्नालाल अहिरवार जाति चमार (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम सादनखेडी तहसील कालापीपल जिला शाजापुर मप्र के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।
हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 30/10/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 30/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

### 12-13 कर्मचारियों के सालों से वेतन आहरण की जांच नहीं हो पाई 5 दिनों में पूरी

# आउटसोर्स में उलझा वेयरहाउस जिला प्रबंधक हुए निरुत्तर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

12 आउटसोर्स कर्मचारियों के सालों से निकाले जा रहे वेतन पर घिरा ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधन जवाब देने में भी असमर्थ नजर आ रहा है। पिछले 5 दिनों से जांच में जुटी राजगढ़ टीम अभी भी खाली हाथ ही नजर आ रही है। ऐसे में समझा जा सकता है कि या तो मामला बहुत बड़ा है या फिर सभी लोग मिलकर कुछ छुपाना चाह रहे हैं। वर्ना जांच टीम के आने के बाद भी 5 दिनों में कुछ परिणाम निकल कर न आए यह संभावना कम ही होती है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने सबसे पहले प्रमुखता के साथ वेयरहाउस ब्यावरा में आउटसोर्स घोटाले को उजागर किया था, जिसमें कलेक्टर के जांच आदेश को ठंडे बस्ते में डालने की बात को प्रकाशित किया गया था। वही बात आज भी है कि जांच टीम ही जांच नहीं कर पा रही इससे बड़ी बिडम्बना क्या होगी।

#### अगस्त से मात्र 12 कर्मचारी कर रहे काम

जहां सालों से वेयरहाउस में आउटसोर्स के नाम पर 23 से लेकर 24 कर्मचारियों के नाम दर्ज थे जिनमें से 12 कर्मचारी ही उपस्थित होते थे। बाकी का सिर्फ वेतन निकाल कर सरकार को चूना लगाने व आउटसोर्स कंपनी को लाभ पहुंचाने का काम ब्यावरा वेयरहाउस के कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा था। परंतु अगस्त 2025 में दबाव बढ़ता देख प्रबंधक ने आउटसोर्स की संख्या 12 कर दी जिनके नाम - नरेन्द्र सिंह, रोडजी दांगी, विजयपाल सिंह, रामबाबू, संदीप सौंधिया, बनेसिंह, श्याम सुंदर, राजेश मेर, शैलेन्द्र सिंह, जतिन वर्मा, घनश्याम दांगी और साची वर्मा हैं। प्रबंधन ने हटाने के पीछे का कारण भी बताया कि जैसे गोदाम खाली होते जाएंगे बैसे ही कर्मचारियों की संख्या कम होती जाएगी परंतु पूर्व के सालों में ऐसा क्यों नहीं किया गया।

हरिभूमि लगातार

#### दोषी कटघरे में आएंगे या क्लीन चिट पाएंगे

जिस तरह से जांच टीम का ढुलमुल रवैया दिख रहा है उससे तो स्पष्ट समझा जा सकता है कि ज्यादा कुछ होना जाना नहीं है फिर भी अंतिम निर्णय तो जांच टीम का ही होगा। अब देखना यह है कि जांच टीम सरकारी खजाने में लूट मचाने वालों में शिवमान सिंह व उनके साथयों को कटघरे में खड़ा करती है या फिर क्लीन चिट।


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ
वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक
जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम

**इनका कहना है...**

खबर लिखे जाने तक भी जांच चल ही रही थी। पूछे जाने पर जिला प्रबंधक ने कुछ बताने से इंकार करते हुए जांच चलने की ही बात कही।

बीडी सगर
जिला प्रबंधक वेयरहाउस राजगढ़

### टीएल बैठक में लापरवाहियों पर तल्ख रुख में नजर आए कलेक्टर

# एपीओ पर जुर्माना, जेएसओ और पंचायत सचिव की वेतनवृद्धि रोकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं में लापरवाही पर कलेक्टर ने कुछ कर्मचारियों पर जहां जुर्माना अधिरोपित किया, वहीं जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सहित एक पंचायत सचिव की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए हैं।

कुछ शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण न किए जाने पर कलेक्टर ने जेएसओ एवं पंचायत सचिव की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए। इसी तरह एक एपीओ मनरेगा पर 2 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। इसी तरह चाटूखेड़ा के पास पोल शिफ्टिंग प्रकरण में लापरवाही पर एसडीओ एवं पीडब्यूडी विभाग के कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। मुख्यालय स्थित नेवज नदी पर स्थित छोटी पुलिया पर हुए गड्डों के शीघ्र मेंटनेन्स के निर्देश भी पीडल्यूडी के अधिकारियों को प्रदान किए गए।

#### बाल-विवाह रोकथाम हेतु अलर्ट मोड पर रहें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बाल विवाह रोकथाम पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सभी अधिकारी इस दिशा में सजग रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, पंचायत सचिवों को सक्रिय रखा जाए और किसी भी बाल विवाह की सूचना पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने भावांतर योजना की भी समीक्षा की और कृषि विभाग से पूछा कि कितने किसानों के खातों में राशि पहुंची, कितनी लंबित प्रविष्टियां हैं और फेल पेमेंट के कारण क्या हैं। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग और अपडेट की आवश्यकता बताई। बैठक में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं पुस्तक वितरण, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, भावान्तर योजना, सीएम हेल्पलाइन से जुड़े मामलों को लेकर भी कलेक्टर ने कईं अहम निर्देश प्रदान किए।

**वार्ड 4 के रहवासियों ने प्रशासन से की थी मांग**

# नपा व पुलिस ने पुराने बस स्टैंड से हटाया अस्थाई मटन मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय पुराने बस स्टैंड पर प्रशासन द्वारा निर्धारित टीनशेड के नीचे नॉनवेज की दुकानें संचालित न करते हुए बाहर मटन मार्केट संचालित करने वाले को सोमवार शाम नपा और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके से हटाते हुए परिसर खाली करवा दिया।

उल्लेखनीय है कि वार्ड 4 की पार्षद सरोज कटारिया द्वारा इस बारे में नगर पालिका एवं जिला प्रशासन से शिकायत की थी। वार्डवासियों ने बताया कि पुराने बस स्टैंड पर खुले में लग रही इन दिनों से उठने वाली दुर्गंध और गंदगी से आसपास के दुकानदारों, यात्रियों सहित राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पार्षद सरोज कटारिया ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया, जिसके बाद नगर पालिका और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कदम उठाया। उन्होंने कहा यह स्थान शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार है। यहां स्वच्छता और सौंदर्य दोनों का ध्यान रखा जाना जरूरी है। प्रशासन की कार्रवाई से नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।



#### वर्षों से यहीं संचालित होती थी शराब दुकान

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी पुराने बस स्टैंड परिसर में संचालित शराब दुकान को हटवाने में पार्षद एवं रहवासियों की अहम भूमिका रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नपा प्रशासन इस स्थान का उचित उपयोग करे तो छोटे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए सुविधाजनक साबित होगा।

### सिविल हॉस्पिटल में एक साथ जन्मी तीन बेटियां, परिवार और स्टाफ ने जताई खुशी




ब्यावरा। सिविल हॉस्पिटल में सोमवार की सुबह खुशियों का माहौल उस वक्त बन गया जब एक ही प्रसूता ने तीन बेटियों को जन्म दिया। हॉस्पिटल स्टाफ और परिजनों ने इस अनोखी घटना पर खुशी जताई। जानकारी के अनुसार नगर के समीपवर्ती गांव छत्री महिला पूजा सौंधिया उम्र 23 साल ने रविवार-सोमवार की रात को तीनों बेटियों को जन्म दिया। महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिवारजन सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में सुरक्षित प्रसव कराया गया। प्रसूता ने एक साथ तीन बेटियों को जन्म दिया। परंतु कुछ समय के बाद तीसरी नंबर पर जन्मी बेटी को नहीं बचाया जा सका। दोनों बेटियों और मां को रात 2 बजे रेफर कर दिया।

# एमपीयूडीसी कार्यालय के सामने धरना अधिकारियों ने 10 दिन का समय दिया

**कुरावर।** नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई अन्य पार्षदगणों के साथ सोमवार दोपहर 01 बजे भोपाल पहुंचकर एमपीयूडीसी कार्यालय के सामने धरना दिया तथा दस दिनों में समस्याओं का हल न हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले की कुरावर नगर परिषद में पिछले तीन महीनों से नलजल योजना बंद पड़ी है कुरावर की ये नल-जल (जल आवर्धन) योजना को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, महिला पार्षद मंजू बाई सहित सभी 15 पार्षदों ने सोमवार को एकजुट होकर भोपाल स्थित एमपीयूडीसी (डच्च्क्ब) कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया है। इस दौरान अर्बन डेवलपमेंट के अधिकारीयों ने 10 दिन का समय दिया है जिसपर चन्द्रवंशी सहित अन्य पार्षदों उक्त समय अवधि में सभी समस्यों का हल नही हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई एवं उपाध्यक्ष वंदना तरु राजपूत, पार्षद अनिल दरबार, बद्री प्रसाद कुशवाहा, कमल दला, दिलीप बना, डॉ रविंद्र मीना, राजू चैकसे, राजकुमार मीणा, राजेश मीणा, सचिन गिरी, मोहन वर्मा, राजेश पटेल, रमेशचंद्र मालवीय, बिंदु चौहान, वरिष्ठ नागरिक रमेश वर्मा, लक्ष्मण सिंह राणा, जेपी वर्मा, मनीष सक्सेना, मुकेश चंद्रवंशी, आदि उपस्थित रहे।




# महादेव मंदिर पर लगने वाले कार्तिक मेले का अपना महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

परिवर्तन के इस दौर में जहां वर्तमान समय में भी पुरानी परंपराओं का निर्वहन बखूबी कायम है। भारतीय संस्कृति प्राचीनतम धार्मिक स्थल जहां के रीति रिवाज आस्था के केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं। अक्सर यहां पर देखने में आता है कि जो परंपराएं अपने पीछे विशेष महत्व रखती हैं उनका बखूबी धार्मिक आस्था से जुड़कर निर्वहन हो रहा है। नगर का शिवशंकर ताल मेला सहित क्षेत्र के बांगपुरा गांव स्थित छापीश्वर महादेव परिसर में एवं समीपवर्ती गांव ताखला स्थित ऐतिहासिक प्रसिद्ध महादेव मंदिर पर लगने वाले कार्तिक मेले का अपना अलग महत्व है। इन स्थानों पर कार्तिक पूर्णिमा पर मेले का आयोजन होता है जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। वही कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का इन स्थानों पर विशेष महत्व है, जहां पर लोग श्रद्धा भाव से स्नान कर महादेव के दर्शन पूजा अर्चना करते हैं यह परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। नगर के छापी बांध स्थित महादेव मंदिर पर शिव शंकर लाल मेला की शुरुआत 1973 में हुई थी जो नगर परिषद के तत्वावधान में आयोजित होकर विशाल रूप में मेला भरता है।



#### मंदिर परिसर के बगल में धुनी स्थित है

नगर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध छापीश्वर महादेव का विशाल मंदिर छापी नदी के मध्य स्थित है, जहां की विशेषता यह है कि पुराने समय में मंदिर परिसर के आसपास छापी नदी में शीला (पत्थर) तैरती रहती थी जिसका इतिहास बुजुर्ग लोग अभी भी बताते हैं, छापी नदी के मध्य स्थित महादेव बारिश में जलमग्न रहते हैं यह दृश्य अपने आप में अलौकिक होता है, यहां पर पूर्णिमा के दिन मेले का आयोजन होता है वही मंदिर परिसर के बगल में धुनी स्थित है जहां पर बारहमास धार्मिक आयोजन चलते रहते हैं। ताखला गांव स्थित महादेव मंदिर तीन नदियों के संगम पर स्थित है जहां का मेला सुसनेर सहित जीरापुर छापीहेड़ा क्षेत्र तक प्रसिद्ध है।

# कलचुरी समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु जयंती, 13 वर्ष बाद हुआ आयोजन

**नरसिंहगढ़।** कलचुरी समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जयंती उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शिवहरे धर्मशाला में किया गया, जिसमें समाज के महिला, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजूलता शिवहरे ने की। भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना फूलमाला पहनाकर तथा शाल व श्रीफल अर्पित कर की गई। इस मौके पर समाजजनों ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु ने धर्म की रक्षा के लिए महाभारतकाल में अपनी शक्ति का परिचय दिया था। उन्होंने रावण को युद्ध में परास्त कर भक्ति और वीरता का संदेश दिया। इसी प्रेरणा के साथ समाज ने शिक्षा, संगठन और प्रगति को अपना लक्ष्य बताया।

समाज प्रतिनिधियों ने बताया कि 13 वर्ष बाद नरसिंहगढ़ में यह आयोजन होना ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सारंगपुर नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, नपाध्यक्ष कविता लोकेंद्र वर्मा, मोहन शिवहरे, दीनदयाल शिवहरे और किशन लाल जायसवाल सहित समाज के वरिष्ठ सदस्य विनोद शिवहरे, रमेश मालवीय, युवा कलचुरी समाज अध्यक्ष राहुल शिवहरे, प्रेमनारायण शिवहरे, विष्णु जायसवाल, गोपाल वर्मा, देव प्रकाश वर्मा, रामेश्वर शिवहरे, संदीप शिवहरे, सुनील शिवहरे, दिनेश शिवहरे, कमलेश जायसवाल, विनोद जायसवाल और कन्हैया लाल मालवीय सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।



# पुरस्कार से नवाजी गईं युवा उत्सव में शामिल हुईं जिले की प्रतिभाएं

### विभिन्न विधाओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**राजगढ़।** 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन स्थानीय इण्डोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा उत्सव की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस युवा उत्सव में जिले से लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सम्मिलित होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था।

भाषण विधा में प्रथम स्थान पर जेन्स अस्टिन, द्वितीय स्थान पर ओम कुम्भकार एवं तृतीय स्थान ऐश्वर्या सागर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान मेला प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर प्रयाग शाक्यवार, द्वितीय स्थान पर अदिति भिलाला एवं तृतीय स्थान पर ईशिता मेवाड़े ने प्राप्त किया। पेंटिंग में प्रथम स्थान पर पूजा सोनी, द्वितीय स्थान पर अमृतापाल एवं तृतीय स्थान पर लोकेश प्रजापति रहे। कहानी लेखन में प्रथम स्थान पर टीना विश्वकर्मा, द्वितीय अपर्णा सिंह खींची एवं तृतीय स्थान श्रेयाशी सिंह डाबी ने पाया। कविता लेखन में तमन्ना राव, दिव्या दांगी, अनुष्का शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। लोकगीत में प्रथम स्थान पर पचोर ग्रुप, द्वितीय स्थान पर लोकराग संगीत एवं तृतीय स्थान स्वामी विवेकानंद ग्रुप रहा। विजेता प्रतिभागियों को अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, एडिशनल एसपी केएल बंजारी, संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### पांचों अनुभागों के एसडीओपी, टीआई, सायबर सेल के समन्वित प्रयासों से मिली सफलता

# वारंट तामीली अभियान में सफलता, 570 वारंट किए तामील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा न्यायालयीन आदेशों का समय पर पालन सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से राजगढ़ पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष वारंट तामीली अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। इस पूरे अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने राजगढ़, ब्यावरा, सारंगपुर, नरसिंहगढ़ एवं जीरापुर के एसडीओपी सहित 20 थानों के थाना प्रभारी एवं 1 हजार से अधिक पुलिस बल ने संयुक्त रूप से अंजाम देकर सफलता पाई। पूरे अभियान जिला सायबर सेल टीम ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के तहत न केवल प्रत्येक थाना क्षेत्र में लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा कर विशेष तामीली टीमें गठित की गईं बल्कि इन टीमों ने सतत निगरानी रखते हुए दिन-रात अभियान चलाया और जिले के विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में वारंटों की तामीली की।

#### विभिन्न प्रकृति के 570 वारंट किए तामील

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूरे जिले में कुल 570 वारंट तामील करवाए गए हैं जिनमें गिरफ्तारी वारंट 255, स्थाई वारंट 300 एवं वसूली वारंट 3 शामिल थे। उद्धघोषित 8 फरार आरोपी जो गिरफ्तार किए गए जिनमें गंभीर मामलों के 2 अपराधी शामिल हैं। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व तथा सभी अनुविभागीय अधिकारियों, थाना प्रभारियों और सायबर सेल टीम के समन्वित प्रयासों से जिलेभर में संचालित किया गया।

#### यह था अभियान का उद्देश्य

न्यायालयों से लंबित गिरफ्तारी वारंट, स्थायी वारंट एवं उद्घोषित आरोपियों की तामीली कराना तथा फरार अपराधियों को गिरफ्त में लेकर न्यायिक प्रक्रिया को गति प्रदान करना इसका प्रमुख उद्देश्य रहा। साथ ही जनता में कानून के प्रति विश्वास और अपराधियों में कानूनी भय की भावना स्थापित करना भी इस अभियान का मुख्य लक्ष्य रहा।

#### अभियान का संचालन

इस सफलता के पीछे सभी थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सायबर सेल टीम का अथक परिश्रम, समर्पण और समन्वयपूर्ण कार्य रहा। उनके निष्ठावान प्रयासों से जिले में न्यायालयीन आदेशों के क्रियान्वयन में नई गति आई है तथा कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक तोलानी ने कहा कि जिले में लंबित वारंटों की तामीली हेतु चलाया गया यह विशेष अभियान, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजगढ़ पुलिस न्याय की रक्षा एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

खबर संक्षेप

## कक्षा 9, 10 के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड

**सीहोर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिये केन्द्र सरकार के निर्देश पर सरकारी स्कूल के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिये गणित और विज्ञान विषय में ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के सेकेण्डरी एजुकेशन विंग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। ओलंपियाड में प्रत्येक विषय में 5 विद्यार्थी चयनित होंगे। गणित और विज्ञान मिलाकर कुल 10 विद्यार्थियों का चयन होगा। प्रत्येक विषय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 2 सांत्वना पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रूपये, द्वितीय 31 हजार और तृतीय के लिये 21 हजार रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। दो सांत्वना पुरस्कार 11-11 हजार रूपये के होंगे। ओलंपियाड परीक्षाएं विकासखंड और संभागीय मुख्यालयों पर होगी। विद्यार्थी गणित या विज्ञान किसी एक विषय में अथवा दोनों विषय में भाग ले सकता है। प्रथम परीक्षा का आयोजन विकासखंड मुख्यालय पर किया जायेगा। द्वितीय परीक्षा संभागीय स्तर पर आयोजित होगी। भाग लेने विद्यार्थी की प्रविष्टि प्राचार्य द्वारा 10 नवम्बर तक विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य द्वारा की जायेगी।

### शंकर मंदिर में हुई विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक

# नवीन कार्यकारणी हुई घोषित, जोशी नगर अध्यक्ष और सचिन बने नगर संयोजक

बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने आष्टा प्रखंड और आष्टा नगर की नवीन कार्यकारणी की घोषणा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड आष्टा एवं नगर आष्टा की बैठक प्राचीन शंकर मंदिर आष्टा में आयोजित की गई। बैठक में विहिप के जिलाध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, जिला सह मंत्री मंगलेश वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थें। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने आष्टा प्रखंड और आष्टा नगर की नवीन कार्यकारणी की घोषणा की।जिसमें प्रखंड संयोजक राकेश मेवाड़ा, प्रखंड मंत्री देवराज वर्मा, प्रखंड सेवा प्रमुख प्रत्येश पांडे तथा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर आष्टा के नगर अध्यक्ष आदित्य जोशी, नगर मंत्री मनीष जाट, नगर संयोजक सचिन कुशवाह, नगर सह संयोजक रौनक डुमाने, नगर उपाध्यक्ष वीरेंद्र राठौर, नगर सह मंत्री राजेश मेवाड़ा आदि कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व सौपे हैं। नवीन दायित्व के घोषणा के बाद सभी पदाधिकारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत सेवा प्रमुख गोपालदार राठी के निवास पर पहुचे। श्री राठी ने नवनियुक्त समिति पदाधिकारियों स्वागत कर बधाई दी।इस दौरान विहिप, बजरंग दल के नवीन कार्यकारणी के पदअधिकारियों ने विहिप,बजरंग दल के उद्देश्य पर ईमानदारी से कार्य करने की बात कही।



# फल एवं सब्जी मंडी के शेड को तोड़कर परिसर को करेंगे व्यवस्थित

निरीक्षण कर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

फल एवं सब्जी मंडी के वर्षो पूर्व निर्मित शेड जो कि अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर अनुपयोगी हो चुके है। जिनका नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा एसडीओपी आकाश अमलकार, सीएमओ अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति, उपयंत्री अनिल धुर्वे, सब्जी व्यापारी मनोज कुशवाह की उपस्थिति में निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत क्षतिग्रस्त शेड को तोड़कर परिसर को समतलीकरण कर व्यवस्थित करने का निर्णय लिया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि जहां हमारी अनाज कृषि उपज मंडी पूरे प्रदेश में नंबर एक ए-क्लास की मंडी है, वहीं फल एवं सब्जी मंडी भी पीछे नही है। यहां भी ग्राम्यांचल व अन्य तहसीलों के सब्जी विक्रेता बड़ी संख्या में प्रातःकाल व्यापार करने आते है, जिसके कारण बड़ी भारी मात्रा में भीड़ एकत्रित होती है, जिसके कारण यातायात प्रभावित होता है। सब्जी मंडी में निर्मित वर्षो पुराने शेडों के क्षतिग्रस्त होने के कारण व्यापारी अपना व्यापार परिसर के स्थान पर रोड़ पर करते है जिसके कारण स्थिति और ज्यादा गहरा जाती है। वार्ड पार्षद तारा कटारिया एवं व्यापारियों की मांग पर नागरिकों की यातायात सुविधा को सुगम बनाने और व्यापारी भाईयों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षतिग्रस्त शेड को तोड़कर परिसर का समतलीकरण कर व्यवस्थित करने का काम नगरपालिका द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नई शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए नई शिक्षा नीति पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों, संरचना, और क्रियान्वयन प्रक्रिया से अवगत कराना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के आदेश के परिपालन में किया रहा है जिसके अंतर्गत नई शिक्षा नीति के अध्यादेश क्रमांक 14(1) एवं 14(2) पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति समिति के नोडल अधिकारी डॉ गणेश लाल जैन एवं सदस्यों द्वारा यह प्रशिक्षण दिनांक 28 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 8 नवंबर तक महाविद्यालय के नवीन कॉन्फ्रेंस कक्ष में प्रतिदिन दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध पक्ष, जैसे बहुविषयक अध्ययन, क्रेडिट ट्रांसफर पॉलिसी, स्वयं पाठ्यक्रम, अपार आई डी, नवीन पाठ्यक्रम, मूल्य आधारित अधिगम, नवाचार, और शोध उन्मुखी शिक्षण आदि पर प्रशिक्षित नोडल अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से सतत रूप से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों को भी प्रशिक्षित कर नई शिक्षा नीति के अनुरूप सक्षम बनाया जा रहा है।

# इलेक्ट्रिकल्स यूनियन की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इलेक्ट्रिकल्स यूनियन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में शहर के प्रमुख इलेक्ट्रिकल्स व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यकारिणी में श्याम जयसवाल को यूनियन का अध्यक्ष, आयुष जैन को उपाध्यक्ष, और सुरेश नेमा को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। वहीं, पत्रकार धीरज साहू को यूनियन का मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने सदस्यता शुल्क जमा कर यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। कुल 30 सदस्यों द्वारा शुल्क जमा किए जाने से यूनियन के कोष में 15,000 की राशि प्राप्त हुई। अध्यक्ष श्याम जयसवाल ने कहा कि यूनियन का मुख्य उद्देश्य सभी इलेक्ट्रिकल्स व्यापारियों को एक मंच पर लाना, उनके हितों की रक्षा करना और व्यवसायिक सहयोग की भावना को मजबूत करना है। जो व्यापारी बैठक में शामिल नहीं हो सके हैं, उनसे आग्रह किया गया है कि वे शीघ्र सदस्यता ग्रहण कर शुल्क जमा करें। अगली बैठक जनवरी माह में आयोजित की जाएगी। नई कार्यकारिणी के गठन पर यूनियन सदस्यों ने खुशी व्यक्त करते हुए नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से देवराज वर्मा, विनोद गर्ग, अली असगर. इब्राहिम सैफी, सिमर सेठी, मुर्तजा सैफी, अनिल भाई सत्तू, धर्मेंद्र कौशल, वैभव जायसवाल, शीलू वर्मा, पंकज कचनारिया, मयंक भगवैया, आयुष राय, प्रकाश प्रजापति, हेमेंद्र मालवीय, धर्मेंद्र मेवाडा, राकेश महेश्वरी, राजेश शिवहरे, राहुल बियानी, सीमांत व्यास, अंकित राठौर, आकाश जायसवाल, अशोक मेवाड़ा शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में भोजन के पश्चात देवराज वर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न

**सीहोर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर की मासिक काव्य गोष्ठी सुभाष मार्ग इंग्लिश पूरा में गोविंद लोवानिया के निवास पर संपन्न हुई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र आर्य ने की एवं विशेष अतिथि डॉ. पूरण सिंह राठौर , सुनील लोवानिया रहे ।साथ ही अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला उपाध्यक्ष गोविंद लोवानिया का जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी में सरस्वती वंदना पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। सभी कवियों में इस अवसर पर काव्य पाठ किया जिसमें मुख्य रूप से लक्ष्मण सिंह चौकसे, डॉ. हरीश सोनी ,गोविंद लोवानिया,संदीप मेवाडा, संतोष सनातनी, डॉ. अखिलेश हटीला, जितेंद्र नारोलिया, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्रोतागण के रूप में आर .डी .मेहता, सुनील जैन, एस मेहता ,हरीश शर्मा, शिवनारायण शास्त्री, प्रकाश आहूजा, राजू राठौर, वीरेन्द्र बिसोरिया ,दिनेश दिनकर आदि उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम का आभार शिवम लोवानिया ने व्यक्त किया।

# पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान में भक्ति भाव से अर्घ्य अर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिद्ध चक्र महामण्डल विधान जैन धर्म का एक अत्यंत पवित्र और शक्तिशाली आध्यात्मिक विधान है। यह विधान सिद्ध भगवानों अर्थात वे आत्माएँ जो संपूर्ण कर्मबंधन से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर चुकी हैं के आराधना और स्मरण का प्रतीक है।इस विधान का उद्देश्य है “आत्मा को शुद्धि की ओर ले जाना, मिथ्यात्व का नाश करना और मोक्षमार्ग की दृढ़ साधना करना है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आयोजित सिद्ध चक्र महामण्डल विधान के अवसर पर आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कही।यह विधान 29 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 5 नवंबर तक चलेगा। भोपाल निवासी जयदीप जैन शास्त्री इस विधान को धार्मिक विधि विधान और भक्ति भाव से करवा रहे है।विधान की विशेषताएं सिद्धचक्र महा मण्डल विधान 9 पदों से मिलकर बनता है। अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यकचारित्र और तप।यह नौ पद नवपद आराधना के रूप में पूजनीय हैं।विधान में अभिषेक, पूजन, पाठ, आराधना और स्वाध्याय के माध्यम से आत्म कल्याण का मार्ग बताया गया है।मुनिराज ने कहा इस विधान के दौरान क्षमा, मैत्री, संयम और तप का अभ्यास प्रमुख रूप से किया जाता है।मुनिराज सानंद सागर ने आगे कहां“सिद्ध चक्र मंडल विधान केवल एक यंत्र या मंडल नहीं, बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे हुए सिद्धत्व का दर्पण है।जब साधक इसमें आराधना करता है, तो वह बाहरी पूजा से अंतर्मन की ओर यात्रा करता है।”वे यह भी कहते हैं कि हर मनुष्य के भीतर सिद्धत्व की शक्ति है, उसे केवल जागृत करने की आवश्यकता है।विधान करने से मन की अशुद्धियाँ दूर होती हैं और आत्मा में समता, क्षमा और करुणा उत्पन्न होती है।यह विधान केवल पूजा नहीं, बल्कि आत्मसाक्षात्कार की साधना है। सिद्ध चक्र महामण्डल विधानःआत्मशुद्धि का साधन है,मोक्षमार्ग का स्मरण कराता है और श्रद्धा, संयम तथा तप का सामूहिक उत्सव है।जैसे मुनिराज सानंद सागर कहा करते हैं विधान तभी सफल होता है जब साधक भीतर से नम्र, शुद्ध और जागरूक हो।

# वेद और विज्ञान में समरूपता के दर्शन होते हैंः परमार

विप्र मंडल ने किया अन्नकूट और कार्तिक महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



धर्म और अध्यात्म का गहरा नाता है। प्रभु को पाने के लिए हम अपनी आस्था और श्रद्धा के वशीभूत सभी उपक्रम करते है परंतु जिस प्रकार जीवन मे नियम और चर्या जरूरी है वैसे ही पूजा पाठ में भी विधि विधान की आवश्यकता होती है। मैं विज्ञान का विद्यार्थी रहा हूँ और विद्वतजन के संपर्क और सानिध्य में रह कर वेद शास्त्र का भी थोड़ा बहुत अध्ययन और श्रवण किया है। मुझे विज्ञान और वेद में हमेशा ही समरूपता का अनुभव होता है। विप्र समुदाय हमारे धर्म और कर्म में निर्देशक और सहायक की भूमिका निबाहते हैं आज के इस अन्नकूट और कार्तिक महोत्सव में सभी विप्र बंधुओ और बहनों के बीच आकर स्वतः ही पावित्र्य का अपने अचार विचार में शुचिता धारण करने का भाव जागृत हो रहा है।

कर्मकांडी विप्र मंडल के सभी आयोजकों को बधाई देते हुए यह उद्गार पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने विप्र वैदिक मंडल द्वारा स्थानीय राठौर धर्मशाला में आयोजित अन्नकूट एवम कार्तिक महोत्सव के भव्य आयोजन में व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरपालिका द्वारा विभिन्न धार्मिक स्थलों के समीप किये गए विकास कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया और कहा कि यह विकास आप सभी के आशीष से ही सम्भव हो रहा है । कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथिगण रूपेश राठौर अध्यक्ष मंडी व्यापारी संघ, नरेंद्र कुशवाह अध्यक्ष माँ पार्वती गौशाला, स्थानीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष तथा पार्षद रवि शर्मा, इंजीनियर शुभम शर्मा, एडवोकेट नीलेश शर्मा, समाजसेवी राकेश बैरागी धनंजय जाट का विप्र मंडल ने स्वागत सम्मान किया। विप्र वैदिक मंडल के अध्यक्ष मनीष पंड्या के नवीन कार्यभार सम्हालने एवम पूर्व अध्यक्ष रामभरोसे शर्मा की निवृत्ति पर सभी विप्र बंधुओं ने आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथिगण हेमकुंवर रायसिंह, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, रूपेश राठौर, नरेंद्र कुशवाह रविशर्मा आदि ने आद्य शंकराचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया । कार्यक्रम में मनोहरलाल पंड्या, संतोष शर्मा, पंडित गणेश व्यास, दुर्गाप्रसाद शर्मा, कैलाश नारायण श्रोत्रिय, अशोक शर्मा, राजेन्द्र पाठक, लखनलाल शर्मा, सुनील श्रोत्रिय, विजय पंड्या, पुरुषोत्तम शर्मा की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन रघुनन्दन शर्मा एवम जितेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से किया ।

### दिगम्बर जैन समाज द्वारा संचालित गौशाला को मिलेगा पानी का टैंकर

# गौमाता की पूजन कर विधायक ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने जन्मदिन पर नगर के अनेकों मंदिरों में पहुच कर भगवान के दर्शन, पूजन, अभिषेक कर एवं हकीमाबाद में श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा संचालित आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन केंद्र गौशाला पहुच कर गौमाता का पूजन कर गौमाताओं को गुण व अन्य गोग्रास खिला कर आशीर्वाद लिया। गौशाला पहुचे विधायक का श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा अध्यक्ष आनन्द पोरवाल के नेतृत्व में समाज बंधुओं द्वारा जन्मदिन मना कर उनका स्वागत सम्मान किया गया ।इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को जब बताया गया कि गर्मी में गौशाला की गायों को पीने के पानी के लिये बहुत समस्या आती है। पानी लाने के लिये एक टैंकर की जरूरत है, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मौके पर ही एक टैंकर दिये जाने की घोषणा की। इसके प्रति समाज के संरक्षक धनरुपमल जैन, पार्षद कमलेश जैन, कोमल जैन, गौशाला समिति के अध्यक्ष ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा अपने जन्मदिन पर किये गए गौमाता की सेवा के इस पुण्य कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

# देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा की छात्राओं ने किया विद्यालय का नाम गौरांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय की पूर्व हेड गर्ल सैय्यद मेहविश ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार, शिक्षकों और विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं, उनके पूर्ववर्ती वर्ष की हेड गर्ल कनिष्का रणकौशल का चयन इटली की प्रतिष्ठित पाडुआ यूनिवर्सिटी में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा के लिए हुआ था।दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति से यह साबित किया कि देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा न केवल उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, नेतृत्व और नैतिक मूल्यों से भी सशक्त बनाता है। सैय्यद मेहविश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के प्रेरणादायक वातावरण को दिया। विद्यालय परिवार ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा ने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धियां विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पित शिक्षण प्रणाली का प्रमाण हैं। देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से दक्ष बनाना है, बल्कि उन्हें ऐसे जिम्मेदार नागरिक बनाना है जो भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करें। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक श्री ध्रुव कुमार तिवारी, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, पायल अली, सैय्यद आदिल अली ने सैय्यद मेहविश और कनिष्का रणकौशल, दोनों छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना तथा उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही विद्यालय की वास्तविक पहचान हैं।